# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# कार्यपरिषद

## की सप्तम बैठक

## दिनांक 25.07.2012 के कार्यवृत्त

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA JAGDALPUR
[ A State University ]
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in

क्र......../ब.वि.वि./2012 जगदलपुर, दिनांक ..../..../2012

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर छत्तीसगढ़ के कार्य परिषद की सप्तम बैठक दिनांक 25.07.2012 के कार्यवृत्त :–

**(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 24)**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोफे. श्रीमती जयलक्ष्मी ठाकुर | – | अध्यक्ष |
| 02. | श्री संतोष बाफना, विधायक–जगदलपुर | – | सदस्य |
| 03. | पद्मश्री धर्मपाल सैनी, | – | सदस्य |
| 04. | श्री अब्दुल नसीर खान, | – | सदस्य |
| 05. | श्री टी. कोंडल राव, | – | सदस्य |
| 06 | डॉ. डी.एन. मेहर, | – | सदस्य |
| 07. | फादर टी.जे. पॉल | – | सदस्य |
| 08. | प्रोफे. एस.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 09. | डॉ. जे.के. जैन, कुलसचिव | – | सचिव |

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्य परिषद की सप्तम बैठक दिनांक 25.07.2012 को संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया:–

**विषय क्र. 01** विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की षष्ठम बैठक दिनांक 06.03.2012 के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

**निर्णयः–** **विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की षष्ठम बैठक दिनांक 06.03.2012 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।**

**विषय क्र. 02:** समन्वय समिति की 20वीं बैठक में पारित निर्णयों की सूचना ग्रहण।

**विभागीय टीप–** उच्च शिक्षा संचालनालय से समन्वय समिति की 20 वीं बैठक की कार्यवाही विवरण अप्राप्त होने के कारण मान. सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि इसे आगामी बैठक में रखा जावेगा। इस विषय को आगामी बैठक तक लंबित रखने का कष्ट करें।

**निर्णयः–** **विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 20 वीं बैठक की कार्यवाही विवरण अप्राप्त होने के कारण, इस विषय को आगामी बैठक में रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।**

विषय क्र. 03 — दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को सुविधायें प्रदान करने संबंधी चर्चा।

विभागीय टीप— National Federation of the blind New Delhi का एक पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें संस्था द्वारा दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों को कुछ सुविधायें प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया है संस्था ने गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के परिपत्र की छायाप्रति भी संलग्न की है जिसमें संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को उल्लेखित किया है।

निर्णयः— **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों तथा शारीरिक रूप से विकलांग परीक्षार्थियों को सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रश्न पत्र लिखने में, निर्धारित समयावधि में आधे घण्टे का अतिरिक्त समय दिये जाने का निणर्य पारित किया गया।**

**विषय क्र. 04** — बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की परीवीक्षा अवधि समाप्ति उपरांत नियमानुसार वेतन वृद्धि प्रदान किये जाने की सूचना बावत्।

विभागीय टीपः— बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में नियुक्त निम्नानुसार तृतीय श्रेणी कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक 02 वर्ष की परीवीक्षाधीन अवधि पूर्ण करने पर वेतनवृद्धि का लाभ दिया गया कृपया मान. सदस्य सूचना ग्रहण करें (आदेश संलग्न)

| क्र. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | नियमित स्थापना में नियुक्ति तिथि |
|---|---|---|
| 01. | श्री विपिन कुमार गुप्ता, स्टेनोग्राफर | 3/11/2009 |
| 02. | श्री प्यारेलाल यादव, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 3/11/2009 |
| 03. | श्री राममरकाम, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 4/11/2009 |
| 04. | श्री शोभाराम नाग, प्रयोगशाला तकनी. | 6/10/2009 |
| 05. | श्री बिपुल पाल, प्रयोगशाला तकनी. | 7/9/2009 |

निर्णयः— **माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।**

**विषय क्र. 05** — वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा।

विभागीय टीप— वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा विभिन्न प्रस्तावों जैसे उपकरणों कम्प्यूटर की आवश्यकता आदि विषयों पर मान. सदस्यों से निवेदन किया है। (सूची संलग्न)

निर्णयः— **नियमानुसार भावपत्र/टेंडर/जी.ओ.सी. के माध्यम से सामग्री क्रय किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।**

**विषय क्र. 06** मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा।

विभागीय टीपः– मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा विभिन्न प्रस्ताव जैसे प्रयोगशाला में एल्यूमिनियम पार्टिशन, उपकरणों की आवश्यकता के संबंध में मान. सदस्यों से अनुमोदन चाहा है। (सूची संलग्न)

निर्णयः– **नियमानुसार भावपत्र/टेंडर के माध्यम से कार्य कराये जाने तथा उपकरण, सामग्री आदि क्रय किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।**

**विषय क्र. 07** परीक्षा शुल्क में वृद्वि हेतु चर्चा।

विभागीय टीप– दिनांक 06/03/12 को आयोजित हुई कार्य परिषद की बैठक में मान. सदस्यों के समक्ष इस विषय पर चर्चा की गई थी। मान. सदस्यों द्वारा इस विषय में विश्वविद्यालय से प्रस्तावित वृद्वि की रूपरेखा आगामी बैठक में रखे जाने हेतु कहा गया था।

प्रस्ताव काफी महत्वपूर्ण है। चूँकि समन्वय समिति ने परीक्षा के मूल्यांकन कार्यो व अन्य दरों में वृद्वि कर दिया है जिसे रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा कियान्वयन भी कर लिया गया है। इस वर्ष भी हमारे विश्वविद्यालय द्वारा पुरानी दरों पर ही मूल्यांकन करवाया गया जबकि अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा नयी दर से भुगतान किया गया। मूल्यांकन दरों में वृद्वि को देखते हुये परीक्षा शुल्क में वृद्वि करना अनिवार्य हो गया है अन्यथा आगे से बस्तर विश्वविद्यालय के मूल्यांकन कार्य में गतिरोध आ सकता है। प्रकरण मान. सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत (सूची संलग्न)

निर्णयः– **समन्वय समिति के द्वारा परीक्षा के मूल्यांकन कार्यो व अन्य दरों में वृद्वि किये जाने के उपरांत बस्तर विश्वविद्यालय की सत्र 2012–13 के मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क में राशि रूपये 100/– की वृद्धि किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया।**

**विषय क्र. 08:** M.Sc. Biotechnology एवं M.S.W. विषयों के प्रारंभ होने व Faculties की नियुक्ति के संबंध में सूचना ग्रहण विषयक।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर की अध्ययनशालाओं में इस सत्र से दो नये विषय M.Sc. Biotechnology तथा M.S.W. की कक्षाएँ प्रारंभ की गई है। इन दोनो ही विषयों हेतु शासन से स्वीकृति तथा आबंटन प्राप्त हुआ है। दोनों विषयों में दो दो सहायक प्राध्यापक की संविदा पर नियुक्ति की गई है। साक्षात्कार एवं Walk in Interview आयोजित किये गये थे जिसमें कुछ विषय विशेषज्ञ अन्य प्रांतों से आमंत्रित थे।

निर्णयः– माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।

विषय क्र. 09 — विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल 2012 की सूचना बावत्।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2011–12 की समस्त परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। पूर्नमूल्यांकन का कार्य भी प्रारंभ है परीक्षाफल की सूची संलग्न कर मान. सदस्यों के अवलोकनार्थ सादर प्रस्तुत है। (सूची संलग्न)

निर्णयः– **माननीय कार्यपरिषद के द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल 2012 का अवलोकन कर सूचना ग्रहण किया गया।**

विषय क्र. 10 — राजभवन द्वारा कुलपति चयन हेतु पैनल निर्माण संबंधी पत्र एवं प्रक्रिया पर चर्चा विषयक्।

विभागीय टीप– मान. सदस्यों के समक्ष राजभवन द्वारा प्रेषित पत्र विचारार्थ सादर प्रस्तुत है। (पत्र संलग्न)

निर्णयः– **छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में निहित प्रावधानानुसार बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कुलपति की नियुक्ति हेतु कार्यपरिषद की ओर से *डॉ. के.के. झा, जगदलपुर* का नाम बायोडाटा सहित राजभवन सचिवालय को प्रेषित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया।**

## माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चाः–

विषय क्र. 11 — विश्वविद्यालय समन्वय समिति की अठारहवीं बैठक जो दिनांक 06 जून 2011 को राजभवन रायपुर में आयोजित थी उसमें प्रस्ताव कमांक 03 परिनियम 27 *admission of colleges to the privileges of the* University and withdrawl there of refer clause (1) of section 35 के अन्तर्गत सम्बद्वता शुल्कों में हुई वृद्धि को बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में इस सत्र से लागू किया गया कृपया सूचना ग्रहण करें। (संलग्न)

निर्णयः– **माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।**

विषय क्र. 12 — बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यो की गुणवत्ता बनाये रखने तथा तय समय में कार्य पूर्ण होने व सतत निगरानी हेतु प्राचार्य शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जगदलपुर से अनुरोध किया गया है कि वे या उनके द्वारा नियुक्त प्राधिकृत व्यक्ति निर्माण कार्यो का निरीक्षण करें व विश्वविद्यालय को समय–समय पर निरीक्षण प्रतिवेदन देवें। मान. सदस्यगण कृपया सूचना ग्रहण करें।

निर्णयः– **माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।**

विषय क्र. 13 — बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वित्तीय पारदर्शिता हेतु एक वित्त अधिकारी की अत्यंत आवश्यकता थी। माह जून 2012 से कोष एवं लेखा विभाग जगदलपुर से सेवा निवृत्त हुए उप संचालक श्री आर.एस. भण्डारी को माह जून 2012 से वित्त अधिकारी के रूप में संविदा नियुक्ति दी गई थी जिस पर शासन स्तर पर भी इनकी संविदा नियुक्ति आदेश प्रसारित किये जा चुके हैं कृपया सदस्यगण सूचना ग्रहण करें।

**निर्णयः—** **माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।**

**विषय क्र. 14** — डॉ. संजय डोंगरे, सहा. ग्रंथपाल को 500/— रूपये प्रतिमाह मोबाईल भत्ता दिये जाने के संबंध में।

विभागीय टीपः— डॉ. संजय डोंगरे, सहा. ग्रंथपाल के द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा संबंधित कार्यों से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के दौरा कार्यक्रम के दौरान संपर्क, वार्ता तथा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन केन्द्रों से संपर्क तथा राज्य से बाहर की यात्राएं के समय वार्ता करनी होती हैं, जिस हेतु उन्हें दूरभाष के माध्यम से परस्पर संपर्क स्थापित करने हेतु राशि रूपये 500/— प्रतिमाह मोबाईल भत्ता, विश्वविद्यालय के परीक्षा मद से दिया जाना प्रस्तावित है। कृपया निर्णय लेना चाहें।

निर्णयः— **माननीय कार्यपरिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डॉ. संजय डोंगरे, सहा. ग्रंथपाल को प्रतिमाह 500/— मोबाईल भत्ता दिया जावे।**

-Sd-
कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगलदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्र. 4135/ब.वि.वि./2012 — जगदलपुर दिनांक 27/08/2012

प्रतिलिपिः—

01. माननीय कुलपति महोदया, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ।
02. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय डी.के.एस. भवन, रायपुर को सूचनार्थ।
03. कार्य परिषद के समस्त सम्माननीय सदस्यगणों को सूचनार्थ।
04. बस्तर विश्वविद्यालय के समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

## बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 25/07/12 हेतु विषय सूचीः-

## (छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 24)

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यपरिषद की षष्ठम बैठक दिनांक 06/03/2012 को आहूत की गई थी। आज की बैठक विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हेतु आयोजित की गई है।

विषय क्रमांक 01 : बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 06/03/12 के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

**विद्या परिषद/कार्यपरिषद के बैठक में पारित महत्वपूर्ण निर्णयों की पुष्टि की गई।**

(i) छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26 (1) (7) के अनुसार परीक्षाफल समिति का गठन किया गया।

(ii) शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा जिला सुकमा को सम्बद्धता दी गई।

(iii) M.S.W. एवं M.Sc.Biotech. की शुल्क संरचना मान. सदस्यों द्वारा अनुमोदित राशि अनुसार ही ली जा रही है।

(iv) शिथिलांग (Physically Challanges) लोगों के लिए परीक्षा शुल्क में रियायत संबंधी कार्यवाही की जा रही है।

(v) कला संकाय के विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जैसे एम.ए. हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, एवं एम.कॉम में प्रायोगिक परीक्षाएँ समाप्त करने विषयक कार्यवाही जारी है।

(vi) शासकीय महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में यू.जी.सी. के अन्तर्गत केरियर ओरियेंडेट कोर्स, जैसे CCA, DCA, ADCA हेतु अनुमति जारी की जा चुकी है।

(vii) विभिन्न महाविद्यालयों में नये विषयों/कक्षाओं की मान्यता/संबद्धता देने की कार्यवाही की गई है।

(viii) स्नातक स्तर पर विषय न होने पर स्नातकोत्तर कक्षाओं में अनुमति न देने विषय पर कार्यवाही की जा रही है।

(ix) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के क्षेत्रधिकार में आने वाले महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कमी पर मान. कुलपति द्वारा राजभवन एवं शासन स्तर पर चर्चा की गई।

(x) दीक्षांत समारोह के संबंध में माह जनवरी 2013 में आयोजन हेतु कार्यवाही जारी है।

(xi) प्रावीण्य सूची में आये छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल दिये जाने हेतु बजट में प्रावधान किया जा रहा है।

**विषय कमांक 02:** अनुमोदित बजट शासन को प्रेषित किया जा चुका है।

**विषय कमांक 03:** वार्षिक परीक्षा 2011–12 का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

**विषय कमांक 04:** विषय को लंबित रखे जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**विषय कमांक 05:** शासन को प्रेषित किया जा चुका है।

**विषय कमांक 06:** आगामी बैठक में विषय को रखे जाने हेतु मान. सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया।

**विषय कमांक 07:** विश्वविद्यालय से मेरिट लिस्ट प्रकाशित किया जा चुका है।

**विषय कमांक 08:** स्वर्ण पदक हेतु कार्यवाही की जा रही है।

## मान. अध्यक्ष महोदय की अनुमति के विषयः–

**विषय कमांक 01:** परीक्षा मद से वाहन कय करने बावत्।

पालनः–परीक्षा मद से वाहन कय बावत् राशि संबंधित ऐजेंसीं को भेजी जा चुकी है।

विषय कमांक 02: प्रायोगिक परीक्षा में स्वंय के वाहन उपयोग पर पेट्रोल व्यय निर्धारण के संबंध में।

पालनः– प्रायोगिक परीक्षा हेतु स्वंय के वाहन से यात्रा करने पर 6.00 रू./कि.मी. की दर से भुगतान किया जा रहा है। साथ ही 200 रू. DA भी भुगतान किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर विश्वविद्यालय कार्य पर उपस्थित होने पर 100 रू. वाहन भत्ता प्रदान किया जा रहा है।

विषय कमांक 03: AC कय करने अनुमति बावत्।

पालनः– कार्यवाही प्रकियाधीन है।

विषय कमांक 04: ग्रंथालय के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुशंसा संबंध में।

पालनः– कार्यवाही प्रगति पर है।

विषय कमांक 05': विश्वविद्यालय के Website के upgradation and updation के संबंध में।

पालनः– N.I.C द्वारा इस कार्य हेतु असमर्थता व्यक्त की गई है अतः इस दिशा में प्रयास जारी है।

विषय कमांक 06:–नवनिर्मित आवासीय परिसर एफ.जी. व एच ब्लॉक के मुख्य प्रवेश द्वार में सुरक्षा की दृष्टि से चैनल गेट लगवाने के संबंध में।

पालनः– इस दिशा में कार्यवाही जारी है।

विषय कमांक 07:– विश्वविद्यालय के दोनों मुख्य प्रवेश द्वारों में आवश्यक मरम्मत/आंशिक निर्माण कार्य किये जाने के संबंध में।

पालनः– प्रकियाधीन है।

विषय कमांक 08:–नवनिर्मित आवासीय परिसर एफ, जी, एवं एच ब्लॉक कुल 16 भवन के पहुँच मार्ग को सी.सी. रोड निर्माण किये जाने बावत्।

पालनः– छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड को इस बावत् कहा गया है।

विषय कमांक 09:–डॉ. संजय डोंगरे सहा. ग्रंथपाल व अन्य परीक्षा कार्य से प्रवास पर रहने वाले कर्मचारियों को परीक्षा मद से मोबाईल भत्ता प्रदान किये जाने विषयक्।

पालनः– प्रदान किया जा रहा है।

**विषय कमांक 02: समन्वय समिति की 20वीं बैठक में पारित निर्णयों की सूचना ग्रहण।**

उच्च शिक्षा संचालनालय से समन्वय समिति की 20 वीं बैठक की कार्यवाही विवरण अप्राप्त होने के कारण मान. सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि इसे आगामी बैठक में रखा जावेगा। इस विषय को आगामी बैठक तक लंबित रखने का कष्ट करें।

**विषय कमांक 03: दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को सुविधायें प्रदान करने संबंधी चर्चा।**

National Federation of the blind New Delhi का एक पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें संस्था द्वारा दृष्टिवाधित परीक्षार्थियों को कुछ सुविधायें प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया है संस्था ने गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के परिपत्र की छायाप्रति भी संलग्न की है जिसमें संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को उल्लेखित किया है।

**विषय कमांक 04: बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की परीवीक्षा अवधि समाप्ति उपरांत नियमानुसार वेतन वृद्धि प्रदान किये जाने की सूचना बावत्।**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक 02 वर्ष की परीवीक्षाधीन अवधि पूर्ण करने पर वेतनवृद्वि का लाभ दिया गया कृपया मान. सदस्य सूचना ग्रहण करें (आदेश संलग्न)

**विषय कमांक 05: वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा।**

वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा विभिन्न प्रस्तावों जैसे उपकरणों कम्प्यूटर की आवश्यकता आदि विषयों पर मान. सदस्यों से निवेदन किया है। (सूची संलग्न)

विषय कमांक 06: मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा।

मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा विभिन्न प्रस्ताव जैसे प्रयोगशाला में एल्यूमिनियम पार्टिशन, उपकरणों की आवश्यकता के संबंध में मान. सदस्यों से अनुमोदन चाहा है। (सूची संलग्न)

विषय कमांक 07: परीक्षा शुल्क में वृद्वि हेतु चर्चा।

दिनांक 06/03/12 को आयोजित हुई कार्य परिषद की बैठक में मान. सदस्यों के समक्ष इस विषय पर चर्चा की गई थी। मान. सदस्यों द्वारा इस विषय में विश्वविद्यालय से प्रस्तावित वृद्वि की रूपरेखा आगामी बैठक में रखे जाने हेतु कहा गया था।

प्रस्ताव काफी महत्वपूर्ण है। चूँकि समन्वय समिति ने परीक्षा के मूल्यांकन कार्यो व अन्य दरों में वृद्वि कर दिया है जिसे रविशंकर विश्वविद्याल, रायपुर द्वारा कियान्वयन भी कर लिया गया है। इस वर्ष भी हमारे विश्वविद्यालय द्वारा पुरानी दरों पर ही मूल्यांकन करवाया गया जबकि अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा नयी दर से भुगतान किया गया। मूल्यांकन दरों में वृद्वि को देखते हुये परीक्षा शुल्क में वृद्वि करना अनिवार्य हो गया है अन्यथा आगे से बस्तर विश्वविद्यालय के मूल्यांकन कार्य में गतिरोध आ सकता है। प्रकरण मान. सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत (सूची संलग्न)

विषय कमांक 08: **M.Sc. Biotechnology** एवं **M.S.W.** विषयों के प्रारंभ होने व **Faculties** की नियुक्ति के संबंध में सूचना ग्रहण विषयक।

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर की अध्ययनशालाओं में इस सत्र से दो नये विषय M.Sc. Biotechnology तथा M.S.W. की कक्षाएँ प्रारंभ की गई है। इन दोनो ही विषयों हेतु शासन से स्वीकृति तथा आबंटन प्राप्त हुआ है। दोनों विषयों में दो दो सहायक प्राध्यापक की संविदा पर नियुक्ति की गई है। साक्षात्कार एवं Walk in Interview आयोजित किये गये थे जिसमें कुछ विषय विशेषज्ञ अन्य प्रांतों से आयोजित थे।

विषय कमांक 09: विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल 2012 की सूचना बावत्।

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2011–12 की समस्त परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। पूर्नमूल्यांकन का कार्य भी प्रारंभ है परीक्षाफल की सूची संलग्न कर मान. सदस्यों के अवलोकनार्थ सादर प्रस्तुत है। (सूची संलग्न)

**विषय कमांक 10: राजभवन द्वारा कुलपति चयन हेतु पैनल निर्माण संबंधी पत्र एवं प्रकिया पर चर्चा विषयक्।**

मान. सदस्यों के समक्ष राजभवन द्वारा प्रेषित पत्र विचारार्थ सादर प्रस्तुत है। (पत्र संलग्न)

## माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चाः—

1. विश्वविद्यालय समन्वय समिति की अठारहवीं बैठक जो दिनांक 06 जून 2011 को राजभवन रायपुर में आयोजित थी उसमें प्रस्ताव कमांक 03 परिनियम **27 admission of colleges to the privileges of the university and withdrawl there of refer clause (1) of section 35** के अन्तर्गत सम्बद्वता शुल्कों में इुई वृद्दि को बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों में इस सत्र से लागू किया गया कृपया सूचना ग्रहण करें। (संलग्न)
2. बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यो की गुणवत्ता बनाये रखने तथा तय समय में कार्य पूर्ण होने व सतत निगरानी हेतु प्राचार्य शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जगदलपुर से अनुरोध किया गया है कि वे या उनके द्वारा नियुक्त प्राधिकृत व्यक्ति निर्माण कार्यो का निरीक्षण करें व विश्वविद्यालय को समय–समय पर निरीक्षण प्रतिवेदन देवें। मान. सदस्यगण कृपया सूचना ग्रहण करें।
3. बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वित्तीय पारदर्शिता हेतु एक वित्त अधिकारी की अत्यंत आवश्यकता थी। माह जून 2012 से कोष एवं लेखा विभाग जगदलपुर से सेवा निवृत्त हुए उप संचालक श्री आर.एस. भण्डारी को माह जून 2012 से वित्त अधिकारी के रूप में संविदा नियुक्ति दी गई थी जिस पर शासन स्तर पर भी इनकी संविदा नियुक्ति आदेश प्रसारित किये जा चुके हैं कृपया सदस्यगण सूचना ग्रहण करें।